ई० एम० यू० डी० एम० यू० गाड़ियों में शौचालयों की व्यवस्था

3732. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने नई दिल्ली/दिल्ली गाजियाबाद, दनकौर, खुर्जा और अलीगढ़ के बीच 18-20 डिब्बे वाली गाड़ियों को हटाकर शौचालय विहीन 8 डिब्बों वाली ई.एम.यू. गाड़ियां चलाई हैं ;

(ख) क्या सरकार ने सहारनपुर से नई दिल्ली/दिल्ली से होकर मुरादाबाद के बीच शौचालय विहीन एक डी. एम यू. गाड़ी चलायी है :

(ग) पुरानी गाड़ियों को हटाने के कारण दैनिक यात्रियों द्वारा जिन समस्याओं का सामना किया जा रहा है के समाधान के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है :

(घ) क्या सरकार इन गाड़ियों में यात्रा कर रही महिलाओं, बच्चों, बूढ़ों और बीमार व्यक्तियों के लिए शौचालयों की व्यवस्था करने का विचार रखती है .

(ङ) यदि हां, तो कब तक ; और

(च) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (श्री सी०के०जाफर शरीफ): (क) नई दिल्ली/दिल्ली-दनकौर-अलीगढ़ खंड पर कुछ यात्री गाड़ियों का 9 सवारी डिब्बों वाली ई.एम.यू गाड़ियों से बदलाव किया गया था।

(ख) जी हां।

(ग) अलीगढ़ को जाने वाली दो डी.एम.यू. गाड़ियों का भार अब बढ़ाकर 12 सवारी डिब्बे और अन्य डी.एम.यू. गाड़ियों का भार बढ़ाकर 10-10 सवारी डिब्बे करके उनकी वहन क्षमता बढ़ाई गई है।

(घ) से (च) ई.एम.यू./डी.एम.यू. गाड़ियां उपनगरीय यात्रियों के लिए होती है और उनमे शौचालय नहीं होते है।

Rail Link of Noida and Ghaziabad with Delhi

3733. SHRI V. NARAYANASAMY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether there is any plan under Government's consideration to provide a rail link, connecting Greater NOIDA and Ghazibad to Delhi;

(b) if so, what is the estimated cost of the project;

(c) whether any study has been made by the RITEs and report submitted to Government; and

(d) if so, by when the work is likely to be taken up, if approved by Government?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) Yes, Sir. A request to provide rail link to NOIDA has been submitted by NOIDA authorities.

(b) The estimated cost is yet to be worked out and this exercise will be taken up after the decision regarding provision of line and alignment is taken.

(c) A Preliminary Feasibility Study or providing rail links to NOIDA Township was made by RITEs in 1990, as a deposit work for New Okhla Industrial Development Authority (NOIDA) and the report was submitted to them.

(d) Will depend on approval of work, and availability of resources in the coming years.